Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 26-02-2007

Participants : Athawale Shri Ramdas

>

Title: Need to run Chandrabhaga Express train daily between Pandharpur and Mumbai and introduce a superfast train daily from Delhi to Manmad/Kopargaon-laid.

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : अध्यक्ष महोदय, महाराट्र राज्य के सोलापुर जिले के अंतर्गत पंढरपुर में चन्द्रभागा नदी पर विट्ठल रकुमई मंदिर और महाराट्र राज्य के ही अहमदनगर जिले में शिरडी में स्थित विश्व प्रसिद्ध सांई बाबा धाम में देश विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शनार्थ आते हैं, किंतु इन श्रद्धालुओं के लिए समुचित नागरिक सुविधाओं का भारी अभाव है।

विश्व प्रसिद्ध इन दोनों पवित्र धामों को विश्व स्तर के पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किए जाने और पंढरपुर से मुम्बई के बीच चन्द्रभाग एक्सप्रेस रेलगाड़ी जो सप्ताह में केवल 2 दिन ही चलती है, को प्रतिदिन चलाये जाने के साथ साथ सांई बाबा धाम शिरडी में आने वाली श्रद्धालुओं की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए राजधानी दिल्ली में मनमाड़/कोपरगांव तक विशे सुपरफास्ट रेलगाड़ी प्रतिदिन चलाये जाने और वहां से गुजरने वाली सभी रेलगाड़ियों की सभी श्रेणियों में आरक्षण का कोटा बढाये जाने तथा कोपरगांव से गुजरने वाली सभी रेलगाडियों को कम से कम 5 मिनट का स्टॉपेज दिए जाने की आवश्यकता है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि विश्व प्रसिद्ध पवित्र धार्मिक स्थलों विट्ठल रकुमई मंदिर एवं बाबा सांईनाथ मंदिर की महत्ता ए वं वहां आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालुओं की श्रद्धा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कदम शीघ्र उठाये जाने का कट करें।

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: The House stands adjourned to meet at 11 a.m. tomorrow, the 27th February, 2007.

13.04 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on[r2] Tuesday, February 27, 2007/Phalguna 8, 1928 (Saka).

Fld. By c1 [r1]

[r2] Friday, March 10, 2000/Phalguna 20, 1921 (Saka).